# जालौन बना जल संरक्षण का मॉडल, संतुलित भूजल व राष्ट्रीय स्तर पर मिली मजबूत पहचान

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ/जालौन।** योगी सरकार के जल संरक्षण के प्रयासों का असर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक जिला एक नदी पुनरुद्धार विजन के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का ही असर है कि जिस बुंदेलखंड में पानी को लेकर चुनौतियां देखी जाती थीं, वहां भूमिगत जल के स्तर में बढ़ोत्तरी हुई है।

वहीं जालौन जिला प्रशासन ने योजनाबद्ध प्रयासों, जनभागीदारी और मजबूत जल संरचनाओं के माध्यम से एक नई मिसाल पेश की है। यहां पर नए तालाब, चेकडैम, रूफटाप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, सोकपिट, जलतारा समेत अन्य पारंपरिक जल स्रोत से भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया गया है। यही वजह है कि जालौन में वर्तमान में कुल 4,56,583 हेक्टेयर क्षेत्र में भूजल रिचार्ज की व्यापक क्षमता उपलब्ध है। इसके लिए 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में जालौन को जल संरक्षण श्रेणी में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

जालौन जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में जल संरक्षण बढ़ाने एवं जल दोहन रोकने के लिए विभिन्न प्रयास किए गये। इसके तहत जनपद में पिछले कुछ वर्षों में जल के महत्व को प्रति जागरूक करने के लिए वाटर समिट का आयोजन किया गया, जिसमें 600 से अधिक कार्यशालाएं एवं ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, जल बचाओ पोस्टर प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। वाटर समिट के तहत 2,45,000 छात्र (2260 प्राथमिक विद्यालय, 278 मिडिल स्कूल), 5,07,000 ग्रामीण (574 ग्राम पंचायतें) कुल 7,52,000 व्यक्तियों ने जल संरक्षण की शपथ ली, जिससे जनपद के सभी व्यक्तियों में जल के महत्व को समझा और जनपद में जल संरक्षण अभियान का हिस्सा बने। वहीं नून नदी विकास खण्ड कोंच के ग्राम सतोह (पहाड़गांव) से निकल कर कुल 47 ग्राम पंचायतों से होकर 81 किमी की दूरी तय कर ग्राम मगरौल मुस्तिकिल द्धमहेवाऋ में यमुना नदी में मिलती है जो अपने उद्गम से 15 किमी के भीतर नदी ने प्राकृतिक स्वरूप खो चुकी थी, जिसके उपरांत नून नदी के पुनर्जीवन योजना बनाई गई। वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 7484 जल संरचनाएं मौजूद हैं, जिनमें 574 नए तालाब, 07 चेकडैम, 517 रूफटाप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर (पब्लिक), 617 रूफटाप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर (निजी), 5112 सोकपिट, 12 मानव निमित बड़े गडड्, 656 जलतारा, अन्य पारंपरिक जलस्रोत शामिल हैं। ये संरचनाएं न केवल वर्षा जल को संचित करने में मदद करती हैं, बल्कि भूजल स्तर को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन संरचनाओं के कारण सिचाई की सुविधा मजबूत हुई है और जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। जिले में वार्षिक दोहन योग्य भूजल संसाधन 93,767.55 हेक्टेयर मीटरहै, जबकि वर्तमान में 52,259.64 हेक्टेयर मीटर भूजल का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार कुल भूजल दोहन 55.73 प्रतिशत है, जो संतुलित और सुरक्षित स्तर को दर्शाता है। ब्लॉक स्तर पर भी स्थिति संतुलित बनी हुई है। कुठौंद ब्लाक में 66.24 प्रतिशत भूजल उपयोग दर्ज किया गया है, जो निर्धारित सुरक्षित सीमा के अंतर्गत है। भविष्य की दृष्टि से भी जालौन सशक्त स्थिति में है। वर्ष 2025 के अनुमान के अनुसार घरेलू उपयोग के बाद भी 41,365.94 हेक्टेयर मीटर भूजल उपलब्ध रहेगा, जो आने वाले समय में जल सुरक्षा को बनाए रखने में सहायक होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जालौन में जल संरक्षण के क्षेत्र में जो कार्य किए जा रहे हैं, वे अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। यहां जल संरचनाओं का संरक्षण, वर्षा जल संचयन, नदियों और तालाबों का पुनर्जीवन तथा सामुदायिक भागीदारी एक मजबूत माडल के रूप में उभर कर सामने आई है। बता दें कि जालौन जनपद का भूगोल पूरी तरह जलोढ़ संरचना से बना है, जो भूजल संचयन और पुनर्भरण के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। कुल 4,56,583 हेक्टेयर क्षेत्र में भूजल रिचार्ज की व्यापक क्षमता उपलब्ध है। जनपद में जल के प्रमुख स्रोतों में भूजल (हैंडपंप, नलकूप, बोरवेल), नदियां (विशेषकर यमुना, पहुज एवं बेतवा नदियां), तालाब, नहरें तथा वर्षा जल प्रमुख रूप से शामिल हैं।

> **जालौन में वर्तमान में कुल 4,56,183 हेक्टेयर क्षेत्र में भूजल रिचार्ज की व्यापक क्षमता उपलब्ध**

# ईद हमें मोहब्बत सहिष्णुता और भाईचारे का देती है संदेश : मौलाना खालिद रशीद

## ईद मिलन समारोह: अखिलेश यादव, दीनी व सामाजिक हस्तियों ने की शिरकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** ईद के पावन अवसर पर खदरा, लखनऊ में जेए एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के सचिव उजैर आलम नदवी और अध्यक्ष जुनैद आलम के निवास पर एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दीनी, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की खास बात उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की आमद रही। उन्होंने मेजबानों से मुलाकात की और सभी को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ईद खुशियों का त्योहार है, जो हमें आपसी एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है।समारोह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और मौलाना सूफियान निजामी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि ईद का असली संदेश मोहब्बत, सहिष्णुता और आपसी सम्मान है, और हमें समाज में अमन व भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष जुनैद आलम, महमूद आलम, मसूद आलम, ज़ैद जुनैद, मोहम्मद यूनुस, पूजा शुक्ला और मुकेश शुक्ला सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी और आपसी मुलाकातों का सिलसिला जारी रहा।अंत में देश में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

# किसान यूनियन ने उद्यान निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैनिक) के प्रदेश अध्यक्ष (उप्र) चौधरी हरिनाम सिंह वर्मा द्वारा अपने कृषक साथियों के साथ निदेशक, उद्यान विभाग, उप्र को अपने मांगों पर तत्काल कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी ज्ञापन दिया। उनकी मांगों का विवरण निम्नवत् है।

मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना राज्य स्तर पर एक विशेष कोष बनाया जाए, जिसके माध्यम से दाम गिरने की स्थिति में सरकार सीधे किसानों से आलू की खरीद कर सके। मार्केट इंटरवेंशन स्कीम मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के अंतर्गत अविलम्ब आलू खरीद लागत में 100 प्रतिशत जोड़कर लाभकारी मूल्य पर शुरू की जाए, ताकि अब तक हुए नुकसान की भी भरपाई हो सके।निजी व्यापारियों द्वारा अत्यधिक कम मूल्य पर खरीद पर नियंत्रण एमएसपी से नीचे खरीद को रोकने हेतु सख्त निगरानी एवं दंडात्मक प्रावधान लागू किए जाएं। आलू विकास नीति-2014 के अन्तर्गत आलू के निर्यात प्रोत्साहन हेतु बायर सेलर मीट का आयोजन प्रदेश में एवं देश के अन्य राज्यों यथा-झारखण्ड (रांची), उड़ीसा (भुवनेश्वर), महाराष्ट्र (पूणे) तथा कर्नाटक (बैंगलोर) में आयोजित किया गया है। वर्तमान वर्ष में आलू के भण्डारण हेतु उपलब्ध क्षमता गत वर्ष शीतगृहों की संख्या -2243 भण्डारण क्षमता -191. 77 लाख मी.टन भण्डारित मात्रा 158.40 लाख मी.टन (भण्डारण क्षमता का 82.60 फीसदी) वर्तमान वर्ष शीतगृहों की संख्या 2360 (गत वर्ष के सापेक्ष 117 की वृद्धि) भण्डारण क्षमता 202. 92 लाख मी0टन (गत वर्ष के सापेक्ष 11.15 लाख मी.टन की वृद्धि) भण्डारित मात्रा (अद्यतन) 153.07 लाख मी.टन (भण्डारण क्षमता का 75.43 फीसदी) विगत वर्षों में उपलब्ध भण्डारण क्षमता के 80 से 82 प्रतिशत स्थान में आलू का भण्डारण शीतगृहों में होता रहा है।

# बाघी में 28 मार्च को शिक्षा, संस्कार और सम्मान का होगा संगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शिक्षा के साथ संस्कारों को जोड़ने की मिसाल पेश कर रहा द कोटा ग्लोबल स्कूल, बाघी नन्दगंज गाजीपुर आगामी 28 मार्च को अपना वाषिक महोत्सव एवं सम्मान समारोह बड़े ही भव्य और गरिमामय अंदाज में आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन विद्यालय के लिए इसलिए भी विशेष है क्योंकि संस्था अपने सफलता के चार वर्ष पूर्ण कर रही है, जिसे एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

मुख्य अतिथि के रूप में संत भोला बाबा, महन्त श्री गंगदास आश्रम बयपुर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यानन्द यति महाराज, महन्त मौनी बाबा मठ चांडीपुर तथा त्रिवेणी महाराज, महन्त मां चकेरी धाम कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इनके साथ ही पूर्व डीआईजी उत्तर प्रदेश बलिकरन यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत सिंह एवं श्री कीना राम बाबा मठ के संरक्षक का विशेष मार्गदर्शन विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रेरणादायी रहेगा। विद्यालय परिवार की ओर से चेयरमैन अभयनाथ सिंह यादव, प्रबंधक सुजीत यादव तथा प्रिंसिपल पुनीता सिंह के नेतृत्व में सभी अतिथियों के स्वागत की भव्य तैयारियां की जा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयासरत है ताकि यह कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव बन सके। समग्र रूप से देखा जाए तो 28 मार्च को आयोजित होने वाला यह वाषिक महोत्सव शिक्षा, संस्कृति और सम्मान का एक भव्य संगम बनने जा रहा है, जो क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा और लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में बना रहेगा।

## टीडी गर्ल्स इंटर कालेज में हुआ स्मृति समारोह जय हो

**लखनऊ।** डा. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डा. दरबारी लाल अस्थाना की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को गोमती नगर विवेक खंड दो स्थित टी.डी. गर्ल्स इंटर कालेज में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम जय हो का प्रदर्शन वरिष्ठ नृत्य निर्देशिका रत्ना अस्थाना के निर्देशन में किया गया।

# केजीएमयू कुलसचिव से मिला फिजियोथेरेपिस्टों का एक दल

## शिष्टाचार भेंट के साथ अपनी समस्याओं से भी कराया अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि केजीएमयू में कार्यरत फिजियोथेरेपिस्टों की पदोन्नति व अन्य समस्याओं हेतु परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा के नेतृत्व में प्रोवेन्शियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने केजीएमयू की कुलसचिव अर्चना गहरवार के साथ विस्तृत वार्ता सम्पन्न हुयी।

मिश्र ने बताया कि केजीएमयू में फिजियोथेरेपिस्ट संवर्ग का कैडर पुनर्गठन 30 मई 2022 में हुआ था। जिसके उपरांत प्रशासन ने 2 नवम्बर 2023 में पदोन्नति की परंतु फिजियोथेरेपिस्टों की पदोन्नति पूर्व की सेवाओ को देखते हुए चीफ फिजियोथेरेपिस्ट पर की जानी चाहिए थी परंतु सीनियर के पद पर की गई जिससे 25 वर्षो से कार्यरत फिजियोथेरेपिस्ट को आथिक हानि उठानी पड़ रही है। जबकि उसी संस्थानों में कार्यरत अन्य संवर्गों में सर्वोच पदो पर पदस्थापित किया गया है। उल्लेखनीय हैं कि कुलपति महोदया द्वारा पत्रावली अनुमोदन कर कुलसचिव महोदया के समक्ष शासन भेजने हेतु भेज दी है। मिश्रा ने कुलसचिव से अनुरोध किया कि पत्रावली शीघ्र शासन को अग्रसारित कर दें जिससे वांछित लाभ समय से प्राप्त हो सके व अन्य समस्याओं पे सम्पन्न हुयी वार्ता में कुलसचिव महोदया का सकारात्मक दृष्टिकोण रहा और उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं के निस्तारण व पदोन्नति पर अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर पत्रावली शासन को प्रेषित कर दी जाएगी। प्रतिनिधिमण्डल में शामिल सभी ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमण्डल में पी0पी0ए0 के0जी0एम0यू0 के अध्यक्ष डा0 मन्सूर अहमद खान, उपाध्यक्ष डा0 तेजवीर सिंह,डा के के चौधरी ,डा0 फैज अहमद, डा प्रणय सिंह मंत्री ,संयुक्त मंत्री डा0 श्रद्धा एवं डा0 विशाल उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हिंदूराष्ट्र के नाम पर देश में नफ़रत फैलाना शहीदों के सपनों का भारत नहीं : राव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जन संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शहीद भगतसिंह ,शहीद सुखदेव , शहीद राजगुरु और शहीद अवतार सिंह पाश के शहादत दिवस पर हायर सेकेंडरी स्कूल के पास विनायकपुर दुर्ग में वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

संगोष्ठी का विषय शहीद भगतसिंह और हमारा समयह था। संगोष्ठी में अध्यक्षता कामरेड प्रसाद राव संयोजक जन संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ ने की। कामरेड तुहिन अखिल भारतीय संयोजक जाति उन्मूलन आंदोलन तथा क्रांतिकारी सांस्कृतिक मंच ने आज का युवा और शहीद भगत सिंह की विरासत नामक आलेख के जरिए बीज वक्तव्य दिया।सभा में कामरेड लखन सुबोध (अध्यक्ष गुरु घासीदास सेवादार संघ जीएसएस),कामरेड सौरा (राज्य सचिव भाकपा माले रेड स्टार),कामरेड नीरा डहरिया (संयोजक महिला मुक्ति मोर्चा), अमरजीत पटेल (अध्यक्ष) व एम साजी (संयोजक मूल निवासी संघ छत्तीसगढ़),कामरेड कलादास ( संयोजक छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति),सरदार जसबीर सिंह चावला (संयोजक जन चेतना भारत पार्टी),कामरेड विनाद सोनी (सदस्य राज्य कमिटी भाकपा), समाजसेवी गोमती साहू,राहुल बोरकर (जिला अध्यक्ष भीम आर्मी),समाजसेवी योगिता मानिकपुरी,समाजसेवी सुखबीर सिंह गिल एवं श्याम मूरत कौशिक (संयोजक किसान मजदूर महासंघ छत्तीसगढ़) ने वक्तव्य रखा। शहीदी सम्मेलन में तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।पहला प्रस्ताव सज्जाद हुसैन ने छत्तीसगढ़ में हिंसक साम्प्रदायिक हिंदुत्व की फैलाई जा रही आग को बुझाना जरूरी है।नाम से प्रस्तुत किया।दूसरा प्रस्ताव विक्रम सिंह नेह छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंय विधेयक 2026 देश के संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है नाम से प्रस्तुत किया। तीसरा प्रस्ताव देव कुमार साहू द्वारा ईरान पर साम्राज्यवादी अमरीकी और आतंकवादी जियोनिष्ट इसराइली आक्रमण की दृढ़तापूर्वक निदा करें नाम से प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि जनसंघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ के तहत - गुरु घासीदास सेवादार संघ जीएसएस, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति,भाकपा माले रेड स्टार, छत्तीसगढ़ क्रिस्टियन फेलोशिप, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा छत्तीसगढ़ इकाई, बुद्धिस्ट प्रचारक विग छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, महिला मुक्ति मोर्चा, मूलनिवासी संघ छत्तीसगढ़, जमाते इस्लामी हिंद छत्तीसगढ़, प्रोग्रेसिव क्रिश्चियन एलायंस छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ मजदूर किसान महासंघ, जाति उन्मूलन आंदोलन आदि प्रगतिशील वैचारिक संगठनों ने एकजुट होकर कार्यक्रम का आयोजन किया। शहीद दिवस पर वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह,सुखदेव, राजगुरु और अवतार सिंह पाश के साथ साथ शहीद अशफाकुल्ला, बिरसा मुंडा , उदा देवी पासी, प्रीतिलता जैसे ब्रिटिश साम्राज्यवादियों और उनके देशी दलाल जमींदार सामंतों के खिलाफ लड़ाई में वीरगति को प्राप्त असंख्य शहीदों का स्मरण किया ।वक्ताओं ने एकमत से क्रूर मनुस्मृति और निर्मम जातिव्यवस्था आधारित हिंदुराष्ट्र परियोजना को देश और समाज के लिए विध्वंशकारी बताया।

# राज्य कर्मचारी नाराज 25 मार्च को मनाएंगे काला दिवस

**लखनऊ।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के महासचिव शशि कुमार मिश्र नें कर्मचारियों का आ]वान करते हुए कहा कि 25 मार्च को 8वां वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू किए जाने एवं केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के क्रम में 25 मार्च 2025 को जारी नोटीफिकेशन में पेशंन पुनरीक्षण व अन्य सेवानिवृत्त के बाद मिलने वाली सुविधाओं का कहीं उल्लेख न होने के विरोध स्वरूप 25 मार्च को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सभी सम्वर्गो के राज्य, निकाय, निगम, स्वास्थ्य सेवाऔ, कलेक्ट्रेट, परिवहन, विश्व विद्यालय, शिक्षको आदि के सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठनो द्वारा इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाए जाने के निर्णानुसार आप सभी अपने अपने जिला मुख्यालय व कार्यालय आदि पर विरोध प्रदर्शन करके सफल बनावें। उन्होंने आगे कहा कि लखनऊ जनपद के कार्यक्रम हेतु समस्त संघ,संगठनो के साथी भारी संख्या में अपने अपने कार्यालय पर 11 बजे सुबह एकत्र होकर स्व.बीएन सिंह कर्मचारी प्रेरणा स्थल,जिलाधिकारी लखनऊ आवास के सामने दोपहर 12 बजे जुलूस के रूप में पहुंच कर आन्दोलन को सफल बनावे। यदि आप लोग समस्त सेवानिवृत्त व सेवारत साथी पेशंन का पुनरीक्षण व भविष्य में पेशंन चाहते हो तो अवश्य ही काला दिवस ध्यानाकर्षक आन्दोलन को सफल बनाने हेतु समस्त संगठन के साथियो अपने कर्मचारी बन्धुऔ के साथ समय से भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का कृपा करे।

## निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग को लेकर विद्युत कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ताजा रेटिग में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार को आधार बनाते हुए इनके प्रस्तावित निजीकरण के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है। संघर्ष समिति ने कहा कि जब दोनों निगमों की कार्यक्षमता लगातार बेहतर हो रही है, तो निजीकरण का कोई औचित्य शेष नहीं रह जाता। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय की नवीनतम रेटिग में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का स्कोर 11.23 से बढ़कर 45.04 हो गया है, जबकि इसकी रेटिग 'सी-' से सुधरकर 'बी-' हो गई है। वितरण हानियां घटकर 15.53 फीसदी रह गई हैं, जो राष्ट्रीय मानक के लगभग बराबर है। वहीं, कलेक्शन एफिशिएंसी 95 फीसदी दर्ज की गई है, जो निगम के वित्तीय अनुशासन और कार्यक्षमता को दर्शाती है। इसी प्रकार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का स्कोर 18.76 से बढ़कर 29.38 हो गया है तथा इसकी रेटिग 'सी-' से सुधरकर 'सी' हो गई है। इसकी वितरण हानियां भी घटकर 15.96 फीसदी रह गई हैं, जो राष्ट्रीय मानक के बेहद करीब है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि बिजली कमियों का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूति उपलब्ध कराना है। संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है। संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से आग्रह किया कि वह अपनी जिद छोड़ते हुए सुधार के वास्तविक तथ्यों को स्वीकार करे और पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के निर्णय को तत्काल निरस्त करने की घोषणा करे। संघर्ष समिति का मानना है कि ऐसा होने पर बिजली कर्मचारी पूरी ऊर्जा के साथ विद्युत व्यवस्था के और अधिक सुदृढ़ीकरण में जुट जाएंगे।

## पशु चिकित्सा फार्मेसिस्ट संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**लखनऊ।** पशु चिकित्सा फार्मेसिस्ट संघ उत्तर प्रदेश का आज निदेशालय स्थित संघ कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के संविधान, पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ज्ञातव्य है कि दिनान 17 व 18 मार्च, 2026 को संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ था।

**एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited**
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
नवरत्न सीपीएसई A NAVRATNA CPSE
CIN : L40101HP1988GOI008409

**नाथपा झाकड़ी जल विद्युत स्टेशन**

प्रेस सूचना ई-निविदा संख्या पीसीडी-2969

एसजेवीएन लिमिटेड की ओर से **"नाथपा बाँध जलाशय के अपस्ट्रीम (बीटीआरडीटी रोड के ऊपर) रॉकस्लाइड मलबे को हटाना, बर्म वॉल का निर्माण तथा संबद्ध कार्यों"** के लिए घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली (डीसीबी) के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **विस्तृत जानकारी के लिए कृपया https://etender.sjvn.co.in, www.sjvn.nic.in** और **https://eprocure.gov.in** वेबसाइट देखें।

**बोली दस्तावेजों को डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14.04.2026 (12:00 बजे) है।**
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15.04.2026 (13:00 बजे) है।**
संशोधन, यदि कोई हो, उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही जारी किए जाएंगे।

**विभागाध्यक्ष** (प्रा. एवं सं. विभाग)
एनजेएचपीएस, एसजेवीएन लिमिटेड, झाकड़ी, शिमला, हि.प्र.-172201

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00272026 दिनांक 21.03.2026 | | | |
| 2. | निविदा संख्या | 1. | 34-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 2. | 35-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| | | 3. | 36-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 4. | 37-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | 1. | Sr.DEN&V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, ADEN/AYC के अधीन SSE/W/AYC के AYC में यार्ड ड्रेन का निर्माण कार्य एवं ABP.SLW सेक्शन में शेष कार्य। | | |
| | | 2. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलों पर स्टील चैनल स्लीपरों के स्थान पर H-Beam स्लीपरों को लगाना। (प्रा.सं. 18-2025 & 39-2026) | | |
| | | 3. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN-AYC के अधीन, SSE-W-AYC सेक्शन में (AY और AYC को छोड़कर) ABP (Ex.) से DYD स्टेशन तक स्टेशन भवन की मरम्मत का कार्य। (प्रा.सं. 38-2026) | | |
| | | 4. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN/AYC खंड में पुल का विविध मरम्मत कार्य। (प्रा.सं. 37-2026) | | |
| 4. | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 3,28,81,100.85 | 2. | Rs. 2,61,50,224.36 |
| | | 3. | Rs. 1,99,91,966.96 | 4. | Rs. 49,99,248.13 |
| 5. | धरोहर राशि | 1. | Rs. 6,57,700.00 | 2. | Rs. 5,23,000.00 |
| | | 3. | Rs. 3,99,900.00 | 4. | Rs. 1,00,000.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| | | 3 एवं 4 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। | | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 02.04.2026 | | | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 at 15:00 hrs | | | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 977/26

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

**में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।**
**नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।**
**मौहम्मद जान तुर्की,**
**ब्यूरो चीफ लखनऊ**

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
**Mob. 8630533498**
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# शादी समारोह में कार हटाने को लेकर बवाल

## युवक व चाचा को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के एक रिसोर्ट में आयोजित शादी समारोह के दौरान मामूली बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पीड़ित युवक ने चार सगे भाइयों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

मौहल्ला कानूनगोयान निवासी शारिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च को उसकी चचेरी बुआ की शादी का कार्यक्रम आवाम रिसोर्ट में चल रहा था। आरोप है कि शाम करीब चार बजे रिसोर्ट के रास्ते में खड़ी कार को हटाने के लिए कहने पर गांव मुढा खेड़ा खादर निवासी नजाकत, जाईद, शाहिद और फिरासत गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर शारिक के साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उसके चाचा शकील को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे दोनों को चोटें आईं। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को किया सम्मानित

## ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मंगलवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित सत्येंद्र रिसोर्ट में ग्राम प्रधानों व स्थानीय निकाय सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद ने बेसिक शिक्षा परिषद की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने विद्यालयों में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और पूरे वर्ष में ब्लॉक धनौरा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राजेश संविलियन विद्यालय वाजिदपुर, इंस्पायर अवार्ड में चयनित अदिति (संविलियन विद्यालय चुचौला खुर्द), नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित प्रा.वि. सीकरखेड़ा के शुभ तथा कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले पिंटू को सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मान मिला। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संविलियन विद्यालय चकनवाला के प्रधानाध्यापक सुखदेव सिंह तथा इंस्पायर अवार्ड चयन के लिए चुचौला खुर्द की इंचार्ज अध्यापिका मीना चौधरी को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वहीं ऑपरेशन कायाकल्प में सराहनीय योगदान के लिए कमलपुर की ग्राम प्रधान मीना देवी, बाखरपुर, चकनवाला और शहजादपुर के ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी सुनील कुमार, शिक्षित कुमार, सत्यप्रकाश गौतम और रोहतास सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। मंच संचालन यतेंद्र कटारिया ने किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस मौके पर योगेश कुमार, अमित कुमार, देवराज सिंह, नीतू सिंह, प्रीती शर्मा, अमित गर्ग, धर्मेंद्र सिंह, अमरेश, नीरज, निर्मल, रामावतार शर्मा, फाइनल कुमार, यशकांत त्यागी, सुखपाल, उधम गिल, चीनू सागर, जबर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# तहसील बार ने मनाया ईद मिलन समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा बार भवन में ‟ईद मिलन” कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बार के पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने ईद के अवसर पर देश के कई शहरों में गैर मुस्लिम भाइयों तथा पुलिस प्रशासन द्वारा नमाज के लिए स्थान व सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा नमाजियों का फूलों से स्वागत करने पर उनका आभार व्यक्त किया। दुनिया के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा दुनिया में जब जंग मची है कैसे ईद मनाऊं। सारा जिस्म हुआ है छलनी कैसे ईद मनाऊं। चारों ओर है गम का मंजर, चीख‟ पुकार है चारों ओर। बम के धमाके दिल दहलाएं कैसे ईद मनाऊं। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख गंगा सरन खड़गवंशी व महावीर सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, चन्द्र सैन अग्रवाल, श्यौराज सिंह राणा, वीर सिंह, सुनील भटनागर, राजेंद्र सिंह, आफताब आलम, बिजेंद्र गहलोत, नासिर अली, डॉ इसरार खां, प्रेमचंद मौर्या ने सम्बोधित किया और ईद की बधाई दी। चरन सिंह चौहान ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वीर सिंह त्यागी, करन सिंह, भगवत सिंह, परवेज अहमद, हितेश त्यागी, सतपाल सिंह, महबूब आलम, मनोज सक्सेना, अली रजा, नदीम खान, दिनेश कुमार मोहम्मद नदीम, मौ. नौशाद, जितेंद्र आर्य सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरन सिंह चौहान तथा संचालन महासचिव ब्रजकिशोर एडवोकेट ने किया।

# विधायक ने किया नामित सभासदों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा ने धनौरा, गजरौला एवं बछरायूं नगर निकायों के नामित सभासदों का माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

एमडीए स्थित जनसहयोग कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजीव तरारा ने सभासदों

■ **क्षेत्र का विकास कराना पहली प्राथमिकता**

को बधाई देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने भी नामित सभासदों को बधााई देते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यों पर विस्तार से रोशनी डाली। इस मौके पर सत्यपाल पाल, कुसुम अग्रवाल, जसवीर सिंह, राहुल आर्य, सुरेन्द्र सैनी, चन्द्रपाल सिंह, अरुण रस्तोगी, शेख चिरगुद्दीन, वैभव गोयल, रोहित आर्य, देवेश शर्मा, अशोक चौधरी, अरुण दीक्षित, अनिल अग्रवाल, चन्द्रपाल पाल, सरताज अहमद एवं प्रशांक त्यागी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शासन की मंशानुरूप जन शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जन सुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें डीएम के समक्ष रखीं। जन सुनवाई में राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, नगर निकाय, विद्युत, पेंशन, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाए। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि फरियादी संतुष्ट हो। साथ ही, शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जन समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें और शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी औपचारिकता तक सीमित न रखकर वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें।

# क्रिकेट विवाद में फायरिंग, दो गिरफ्तार

## 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र के गांव खेतापुर में सोमवार शाम क्रिकेट खेलने के दौरान खिलाड़ियों में हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। सोमवार रात करीब 11 बजे दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और करीब दस राउंड फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में पूर्व प्रधान के भतीजे समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से तमंचे भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक कुछ बच्चे मोहल्ले में क्रिकेट खेल रहे थे, तभी पूर्व प्रधान का भतीजा वहां पहुंचा और क्रिकेट खेलने का विरोध करते हुए उसने कहा कि तुम लोग मुझे जानते नहीं हो ये कहकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और झगड़े ने बढ़कर हिंसक रूप ले लिया। एक पक्ष के करीब एक दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और फायरिंग भी की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू किया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती कर दी। घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसकी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी बालिंद्र कुमार ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ है। इस संबंध में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाकियू शंकर ने उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर किसानों व जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन के बाद क्रमिक अनशन शुरू दिया।

मंगलवार को मदन सिंह सैनी की अध्यक्षता व कैप्टन वीर सिंह चौहान के संचालन मे विशाल धरना-प्रदर्शन एवं पंचायत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि तहसील क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं में प्रमुख मुद्दों में आवारा कुत्तों का आतंक, छुट्टा गोवंश से फसल नुकसान, बिजली संकट, चकबंदी में भ्रष्टाचार, केसीसी में बैंक मनमानी, हसनपुर-अतरासी चौराहे पर जाम, हसनपुर चीनी मिल अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान व विस्तारीकरण एवं भूमाफियाओं के अवैध कब्जे शामिल हैं। 18-19 की रात्रि में आई आंधी, तूफान व ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग भी प्रमुखता से उठाई। संगठन के जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। कार्यक्रम में चौधरी धर्मवीर सिंह योगेंद्र खड़कवंशी हरि सिंह सैनी मोनू चौधरी महेश्वर त्यागी सुखबीर भगत जी सतवीर जी विक्रम पवार शेर सिंह राणा भारत लाल राजपाल सैनी सीताराम सत्येंद्र सिंह सुंदर सिंह कैप्टन वीर सिंह मदन सिंह सैनी महावीर सिंह बबीता रानी नीरज चौधरी ज्योति चौहान ओंकारी देवी बाला देवी रूपवती कृष्णा मुन्नी त्यागी कल्लो देवी मिथलेश देवी सट्टा देवी बिना सैनी जयवती बृजेश देवी संगम आदि सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।




# न्याय न मिलने पर पत्नी ने दी आत्महत्या की धमकी

## सीएचसी में संविदा कर्मी की आत्महत्या का मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सीएचसी में संविदा कर्मी अंकुर चीमा की आत्महत्या के मामले में उनकी पत्नी गरिमा सिंह ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई न होने और पति को न्याय न मिलने पर खुद भी आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। गरिमा सिंह ने आरोपियों से अपनी और अपने मासूम बेटे की जान को खतरा भी बताया है। यह घटना 25 फरवरी को हुई थी, जब जोया सीएचसी में नर्सिंग में संविदा कर्मी के पद पर तैनात 35 वर्षीय अंकुर चीमा ने अपने सरकारी आवास पर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। मृतक अंकुर चीमा मूल रूप से अमरोहा जिले के नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव भेड़ा भरतपुर के रहने वाले थे। वह जोया सीएचसी में नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई में संविदा पर कार्यरत थे। अंकुर की शादी 2022 में हुई थी। उनकी पत्नी गरिमा सिंह जिला बलरामपुर में प्राइमरी स्कूल में अध्यापिका हैं। अंकुर चीमा के परिवार में पत्नी के अलावा एक आठ माह का बेटा है। सोमवार को मृतक की पत्नी गरिमा सिंह ने यह वीडियो बनाकर वायरल किया। वीडियो में उन्होंने बताया कि उनके पति की आत्महत्या के बाद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों के बार-बार उत्पीड़न और मानसिक रूप से परेशान करने के कारण ही उनके पति ने यह कदम उठाया था। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था, जिसमें आरोपियों द्वारा मानसिक उत्पीड़न और मारपीट का जिक्र था। गरिमा सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि उनके पति को न्याय नहीं मिला, तो वह भी आत्महत्या कर लेंगी। उधर, पुलिस ने घटना के तुरंत बाद ही पत्नी की तहरीर के आधार पर परिवार के ही सुमित, सुमित की पत्नी शानू और मंगल सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली थी।

# मां कात्यायिनी की भक्ति में डूबे रहे भक्त

## देवी मंडपों में गूंजे मां के जयकारे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छठे नवरात्र पर भक्तों ने मां कात्यायिनी की पूजा अर्चना की। सुबह से ही देवी मंडपो में भक्तों का तांता लगा रहा। सभी ने माता के दरबार में शीष झुकाकर आशीर्वाद लिया। उपवास रखकर माता का गुणगान किया।

नवरात्र अब आखिरी पड़ाव में है। जिस कारण भक्तों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को माता दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायिनी की पूजा अर्चना की गई। सुबह के समय भक्तों ने देवी मंडपों में जल व प्रसाद चढ़ाकर मनौतियां मांगी। सभी माता का आशीर्वाद लेने के लिये उत्सुक नजर आ रहे थे। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर माता रानी की आराधना की। नगर के प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ के अलावा गंगा मंदिर, चौरासी घंटे वाला मंदिर, रियासत वाले मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। महिला भक्तों ने माता के भजन गाये। जिससे सारा माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। उधर सांय के समय भक्तों ने माता रानी के सम्मुख दीप जलाकर उपवास खोले।

# तेंदुए को बिजनौर टाइगर रिजर्व में छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** कौराल के जंगल से पकड़ी गयी मादा तेंदुए को वन विभाग ने बिजनौर के टाइगर रिजर्व में छोड़ दिया। जबकि गांव में लगाये गये दोनों पिजरों को हटा लिया गया। गौरतलब है कि कौरालन के जंगल में सोमवार तड़के करीब चार बजे एक मादा तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गई जबकि सोमवार सुबह कुछ ही दूरी पर तेंदुए के दो शावक भी मिले। विभागीय अधिकारी तीनों को जटी वन स्थित वन विभागीय कार्यालय ले आए। मंगलवार सुबह लखनऊ मुख्यालय से अनुमति मिलने के बाद तीनों को सुरक्षित बिजनौर जिले के अमानगढ़ स्थित टाइगर रिजर्व ले जाकर छोड़ दिया गया। वहीं मंगलवार को गांव में लगे दोनों पिंजरा हटा लिए गए हैं। डीएफओ राजीव कुमार ने तेंदुआ व उसके दोनों शावकों को बिजनौर के अमानगढ़ स्थित टाइगर रिजर्व में छोड़े जाने की पुष्टि की।

# नामित सभासदों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** मंडल उपाध्यक्ष के आवास पर नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया। मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती पारुल अग्रवाल के आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जोया नगर पंचायत की नवनिर्वाचित सदस्य सुश्री सीमा चौधरी और नौगांवा नगर पंचायत की निर्वाचित सदस्य श्रीमती ऊषा शर्मा का स्वागत और अभिनंदन किया गया। जोया मंडल उपाध्यक्ष श्रीमति मीनू गुप्ता, नन्ही चौधरी गीता देवी सरला अग्रवाल पूनम देवी धर्मवीर सिंह सुनील कुमार जितेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## जुल्म के खिलाफ नौ साल में एक बार भी सड़क पर नहीं उतरे सपा प्रमुख

# बिना संघर्ष के सत्ता पर काबिज होना चाहतें अखिलेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बिना संघर्ष के ही सपा प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के सपने देख रही है। प्रदेश में नौ साल से सत्ता पर काबिज भाजपा के खिलाफ एक बार भी सपाई सड़क पर नहीं उतरे। अगर मुलायम सिंह यादव जिंदा होते तो वह जुल्म के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक देते। परन्तु सपा प्रमुख अखिलेश यादव में अपने पिता के मुकाबले साहस नहीं है।

प्रदेश में पिछले नौ साल से प्रदेश की सत्ता पर भाजपा काबिज है। जबकि केन्द्र में 12 साल से भाजपा की सरकार है। विपक्ष लगातार भाजपा पर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग अपने खिलाफ करने का आरोप लगाता रहा है। इस सबके बावजूद एक मौका भी ऐसा नहीं आया कि प्रदेश में मुख्य विपक्ष सपा ने सड़क पर उतरकर भाजपा का विरोध किया हो। 2024 में मुस्लिमों ने एकमुश्त इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया। जिस कारण सपा के 37 सांसद चुनाव जीते तो वहीं कांग्रेस भी छह लोकसभा सीटे जीतने में सफल रही। जबकि 2019 में सपा के मात्र पांच सांसद चुने गये थे। भाजपा सरकार के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर लोगों पर जुल्म ज्यादतियां हुईं। ऐसा सपा प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है परन्तु वह एक बार भी कार्यकर्ताओं संग सड़क पर उतरकर भाजपा सरकार की जुल्म ज्यादती का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सके। अल्पसंख्यक समाज के लोगों पर बड़े पैमाने पर अत्याचार हुए परन्तु जिला संगठन एक बार भी मुस्लिमों के साथ खड़ा नजर नहीं आया। सपा संगठन द्वारा अत्याचारों के खिलाफ कभी धरना-प्रदर्शन का साहस भी नहीं जुटा पाया। अगर मुलायम सिंह यादव जिंदा होते तो वह भाजपा सरकार के जुल्म के खिलाफ सड़क पर उतरकर



विरोध जताते। नेताजी ने एक बार भाजपा सरकार के खिलाफ जेल भरो आंदोलन शुरू किया था। जिससे भाजपा सरकार बैकफुट पर आ गयी थी। नेताजी ने कई बार संघर्ष कर विरोधी सरकारों को लोहे के चने चबाने पर मजबूर किया तथा कार्यकर्ताओं में भी जोश भरने में सफल रहे। जबकि

■ **अखिलेश पर चापलूस व बिना जमीनी आधार वाले नेताओं को तवज्जो देने का आरोप**

उनके बेटे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बंद कमरे की राजनीति पसंद करते हैं। सत्ता गंवाए सपा को नौ साल हो गये हैं परन्तु एक बार भी अखिलेश यादव अपने कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पाये हैं। सपा प्रमुख पर आरोप है कि चापलूस नेताओं से घिरे रहते हैं तथा जमीन से जुड़े नेताओं की वह अनदेखी करते हैं। जो नेता अपने कस्बे में अपनी मर्जी का चेयरमैन भी नहीं बना पाये, उनके साथ आये दिन अखिलेश यादव मंच साझा करते हैं। सपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है। पार्टी के कई बड़े नेताओं पर आरोप है कि वह अपने जिले में दूसरा नेता बनने नहीं होने देना चाहते। निकाय चुनाव में सपा के बड़े नेताओं ने कमजोर प्रत्याशी को मैदान में उतारा जिस कारण चुनाव में उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव टिकिट वितरण में भी मजबूत प्रत्याशियों को टिकिट देने के बजाए वह कमजोर नेताओं को टिकिट दिलाने की पैरवी करते हैं। जिस कारण चुनाव परिणाम आशा के अनुरूप नहीं रहते। 2022 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में सपा ने एक दर्जन से सीटे अधिक गलत टिकिट वितरण के चलते गवां दी। बिना संघर्ष के ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव 2027 में प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के सपने देख रहे हैं। सपा प्रमुख कानों के कच्चे भी बताए जाते हैं। अगर वह चापलूस नेताओं से परहेज कर जमीनी नेताओं को तवज्जो दें तथा टिकिट वितरण में जिताऊ प्रत्याशियों को मैदान में उतारें तो इसमें दोराय नहीं कि सपा फिर से सत्ता पर काबिज हो सकती है।

# पांच लाख रूपये के विवाद में सगे भाईयों पर हलमा

## चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**दर्शन संवाददाता**

**अमरोहा**। नौगावां क्षेत्र के गांव तोफापुर में हिस्सेदारी और पैसों के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने घर पहुंचकर दो भाइयों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीती 22 मार्च की रात लगभग साढ़े नौ बजे उनके पिता विजयपाल सिंह, सौतेला भाई नकुल, सौतेली मां सीमा तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति निवासी डाक बंगला स्टेशन रोड नगर कोतवाली उनके गांव तोफापुर पहुंचे। उस समय पंचम सिंह अपने परिवार के साथ घर के बाहर बैठे थे। आरोप है कि चारों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। कहा कि तुम लोग हमसे हिस्सा क्यों मांग रहे हो। पंचम सिंह ने बताया कि आरोपियों ने सोलर लाइट लगवाई थी, जिसका भुगतान अभी नहीं किया है। साथ ही उसकी शादी के लिए दिए गए करीब पांच लाख रुपये भी वापस नहीं किए हैं। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। पीड़ित का कहना है कि इसी दौरान चारों आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसका भाई विकास कुमार बचाने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना में दोनों भाई घायल हो गए। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में पथराव

## नहीं गई युवक की बारात, आठ गिरफ्तार




**दर्शन संवाददाता**

**जोया**। डिडौली क्षेत्र के गांव ककराली गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने की खुशी में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर पथराव हो गया। इस घटना में महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात संभालते हुए दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया, जिन्हें एसडीएम कोर्ट से पांच-पांच लाख रुपये के मुचलके पर पाबंद किया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को इरशाद पक्ष ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीतने के बाद डीजे बजाया था। उसी दौरान गांव में दिवंगत रईस की बेटी की शादी थी और बारात की तैयारियां चल रही थीं। डीजे बजाते हुए गुजरने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जिसे ग्रामीणों ने उस समय शांत करा दिया। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे दूल्हे अरमान की बारात निकलने की तैयारी के दौरान दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ते-बढ़ते पथराव में बदल गया। इस दौरान इसराइल , जुबेर, फरीन, नाजरीन, मुस्तरी, सेफ अली, निदा और सुब्हान , गुलिस्तां,नीदा,फातमा,सलीम , मुस्कान, फैजान, शाहजहां,घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने नाजिम, सुहैल, फिरोज आलम, फैजुल हसन, शारुख, शालिम, मौ. फजर और मोहम्मद आलिम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों को शांतिभंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच-पांच लाख रुपये के मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। दूल्हे अरमान की बारात थाना देहात क्षेत्र के मीरा सराय की मैढयया जानी थी। झगड़ा होने के कारण बारात नही गयी।

# घड़ी बदलने को लेकर ग्राहक व दुकानदार भिड़े

## एसपी को शिकायती पत्र सौंप कार्रवाई की मांग

**दर्शन संवाददाता**

**अमरोहा**। घड़ी वापस करने को लेकर दुकानदार और ग्राहक आपस में भिड़ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया।व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिल्ला निवासी समीर खान की बासवान गंज में घड़ियों की दुकान है। आरोप है कि ईद से एक दिन पहले एक ग्राहक उनकी दुकान से दो घड़ियां खरीद कर ले गया था। ग्राहक बाद में खराब हालत में घड़ी वापस करने पहुंचा तो समीर ने टूटी हुई घड़ियां वापस लेने से मना कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान ग्राहक ने अपने साथियों को वहां बुला लिया। सभी दुकान में घुस आए और जमकर मारपीट की, दुकान का सामान भी इधर उधर फेक दिया। आरोपियों ने दुकानदार की पत्नी और बच्चों के साथ भी मारपीट की।समीर का आरोप है कि उनकी दुकान में लूटपाट भी की गई,पत्नी की सोने की चौन छीन ली और दुकान में रखी नकदी भी लुट ली। सोमवार को व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र सौंप आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

# नौ वर्ष पूरे होने पर गिनाई सरकार की उपलब्धियां




**दर्शन संवाददाता**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के एक निजी बैंकट हॉल में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़्गवंशी ने शिरकत की और सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक जनता के समक्ष रखा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़्गवंशी द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास के ऐसे आयाम स्थापित किये हैं। जिनकी कल्पना पहले कठिन थी। उन्होंने कहा आज प्रदेश में कानून व्यवस्था इतनी सुदृढ़ है कि आम जन मानस खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। जिसके परिणामस्वरूप भारी निवेश आ रहा है। वहीं, सूचना विभाग लखनऊ से आई नुक्कड़ नाटक टीम ने श्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओश अभियान पर मार्मिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, ममता गुर्जर, अभिनव कौशिक, देवेंद्र खड्गवंशी, राजू गोयल, राजू राणा, संजय शर्मा, पंकज भटनागर, मयंक अग्रवाल और अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर बीडीओ विजय सक्सेना, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार मौजूद रहे। संचालन मास्टर रामवीर सिंह ने किया।

# मां ललिता देवी के दरबार में प्रसाद चढ़ाने को उमड़े श्रद्धालु

**दर्शन संवाददाता**

**गजरौला।** चैत्र मास के तीसरे मंगलवार को नगर के बस्ती स्थित प्राचीन मां ललिता देवी मंदिर सिद्धपीठ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। माता रानी के दरबार में पुष्प, अनाज, नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने सुख-स्मृद्धि की प्रार्थना की।

### ■ शिशुओं का मुंडन संस्कार भी कराया

मंगलवार को भोर से ही मंदिर में प्रवेश करने के लिए लंबी कतारें लगनी प्रारंभ हो गई थीं। मंदिर कमेटी की ओर से बैरेकैडिंग व पंडाल की व्यवस्था कराई गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को धूप से राहत मिल सके। माता रानी के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रवेश किया और प्रसाद चढ़ाकर माथा टेका। शिशुओं के मुंडन संस्कार के साथ-साथ नवनिवाहित जोड़ों ने भी सुखद दाम्पत्य जीवन की प्रार्थना की। मंदिर के मुख्य पंडा प्रदीप कुमार के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। यहां पर विशाल मेला भी आयोजित हुआ, जहां से श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। बच्चों ने झूलों आदि का आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस द्वारा मंदिर परिसर के साथ मेला क्षेत्र में सीसीटीवी और ड्रोन के द्वारा भी निगरानी की गई। मेला क्षेत्र में भी पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मुस्तैद रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी मेले का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बता दें कि मां ललिता देवी मंदिर की न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि कई राज्यों में मान्यता है।



# खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद

## किसान को सरियों व डंडों सेपीटकर किया घायल

**दर्शन संवाददाता**

**अमरोहा**। देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय में खेत में जबरन ट्रैक्टर ले जाने का विरोध करने पर किसान पर लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित शहीदउद्दीन का आरोप है कि बीती 22 मार्च की सुबह लगभग दस बजे वह अपने खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का ही तब्बन ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा और जबरन उनके खेत से ट्रैक्टर निकालने लगा। शहीदउद्दीन ने जब विरोध किया तो गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ ही देर में तब्बन ने अपने साथियों को बुला लिया, जिनमें बुल्लन उर्फ जमशेद, कैफ, मुस्तफा, अनस और बिलाल शामिल थे। ये सभी लोग लाठी-डंडे और सरिये लेकर मौके पर पहुंचे और शहीदउद्दीन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने शहीदउद्दीन को बुरी तरह पीटा, जिससे उनकी आंख और सिर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर गांव के ही फरकान और जुबैर मौके पर पहुंचे और किसी तरह शहीदउद्दीन को बचाया। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# काव्य व नाट्य प्रस्तुतियों ने मन मोहा

## जेएस कालेज में युवा महोत्सव का आयोजन

**दर्शन संवाददाता**

**अमरोहा**। जेएस हिंदू पीजी महाविद्यालय में आयोजित तृतीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन साहित्य और कला का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काव्यपाठ, मुशायरा और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कविसम्मेलन एवं मुशायरे के संयुक्त आयोजन में प्रतिभागियों ने स्वरचित रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. बीना रूस्तगी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए किया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष अमरोही ने प्रभावी अंदाज में किया, जबकि डॉ. विशेष कुमार राय एवं निर्णायकों ने विद्यार्थियों को काव्यशिल्प की बारीकियों से अवगत कराया। विभिन्न छात्र-छात्राओंख्रजैनब फात्मा, अनमता, सानिया तकी, दीप्ति, आकर्ष त्यागी 'सफर अमरोही' और मोहम्मद रहबरख्रने अपनी प्रस्तुतियों से समाज, संघर्ष और भावनाओं के विविध रंग प्रस्तुत किए। नाट्य प्रस्तुतियों में भी विद्यार्थियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 'विविधता में एकता' नाटक के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया, वहीं भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। 'घर की बेटी घर का सम्मान' और कैंसर जागरूकता पर आधारित नाटकों ने सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि भुवनेश कुमार शर्मा 'भुवन' ने विद्यार्थियों की सराहना की। प्रभारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि अन्य प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रमों में अवसर दिया जाएगा। संयोजक डॉ. अरविन्द कुमार के अनुसार, 25 मार्च को 'व्यावहारिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर भाषण, संगीत (वादन) और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जबकि सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम 28 मार्च को घोषित किए जाएंगे।




# नाबालिग के घर से गायब होने से मचा हड़कम्प

## तड़के के समय घर के पास से बरामद

**दर्शन संवाददाता**

**अमरोहा**। नौगावां क्षेत्र के एक गांव में रविवार रात एक 16 वर्षीय किशोरी के अचानक घर से गायब होने से हड़कंप मच गया। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर तलाश कर उसे तड़के घर के पास से बरामद कर लिया। नाबालिग होने के चलते परिजनों ने गंभीर आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला नौगावां क्षेत्र के ही एक गांव का है। यहां रहने वाले एक किसान की 16 वर्षीय बेटी रविवार रात लगभग 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ घर से चली गई। उसके गायब होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। तुरंत उसकी तलाश शुरू कर दी। परिवार के सदस्यों और अन्य ग्रामीणों ने रातभर ढूंढते हुए किशोरी उसी रात करीब में लगभग साढ़े तीन बजे घर के पास से ही बरामद कर लिया। इसके बाद परिजन उसे घर ले आए। पीड़ित पिता ने तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री नाबालिग है, इसलिए घटना को लेकर उन्हें गंभीर आशंका है। सच का पता लगाने के लिए उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक इकाईयों का भ्रमण

**दर्शन संवाददाता**

**गजरौला**। जिला विज्ञान क्लब अमरोहा द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के 100 विद्यार्थियों ने नगर की आनंदा डेयरीज एवं यूएस फूड्स लिमिटेड गजरौला का भ्रमण एवं वैज्ञानिक अध्ययन कराया गया।

मंगलवार को मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शशि जैन ने राजकीय मिनी स्टेडियम अमरोहा से बसों को हरी झंडी दिखाकररवाना किया। शशि जैन ने औद्योगिक केंद्रों के भ्रमण की महत्ता को समझाया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूकता और उत्सुकता उत्पन्न होती है। विद्यार्थियों ने आनंदा डेयरी में दूध,पनीर, मक्खन, घी, मिल्क पाउडर और मशीनों की जबकि यूएस फूडस में बिस्किट निर्माण की जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त की। इस मौके पर आनंदा डेरी के महाप्रबंधक पंकज राव, यूएस फूड्स लिमिटेड के एचआर मौ.कासिम दीपक दुबे, जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक शाने हैदर, सहसमन्वयक राकेश कुमार, प्रधानाचार्य डॉ.जमशेद कमाल, आदिल अब्बासी, डॉ.जीपी सिंह, संतराम सिंह यादव समेत ममता यादव, अभिषेक सिंह, अरुण कुमार, विक्रांत कौशिक, मोहम्मद अजहर आदि मौजूद रहे।



# दो महिलाओं सहित चार को किया घायल

## थाना क्षेत्र के गांव तिगरी में हुई घटना, मुकदमा दर्ज

**दर्शन संवाददाता**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के गांव तिगरी में दो महिलाओं समेत चार लोगों को विवाद के चलते फावड़े व धारदार हथियार से प्रहार करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दो दिन पूर्व पुलिस ने दूसरे पक्ष की तरफ से भी मुकदमा दर्ज किया था।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार घासी सिंह पुत्र स्व.करन सिंह का आरोप है कि गांव निवास पूरन सिंह पुत्र स्व. महाराम से उनका राजस्व विभाग की टीम के साथ वन विभाग की भूमि को लेकर कुछ कहासुनी हो गई थी। इसी बात को बड़ा रूप देते हुए पूरन सिंह ने अपने पुत्र नरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, निपेन्द्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह व भतीजे अंकुर पुत्र रोहताश के साथ मिलकर फावड़े व धारदार हथियार से प्रहार करके उनके भतीजे गौरव कुमार चन्द्रा पुत्र विनोद सिंह, पुत्री सोनम, पिंकी पत्नी हुकमसिंह व हुकमसिंह पुत्र गंगादास को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक करोड़ सात लाख में छूटा पैठ बाजार का ठेका



## पिछले साल से सात लाख से अधिक में हुआ ठेका

**दर्शन संवाददाता**

**जोया**। वित्तीय वर्ष 2026-27 के साप्ताहिक पैठ बाजार की सार्वजनिक नीलामी रिकार्ड एक करोड़ सात लाख 50 हजार रूपये में छूटी। मंगलवार को डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स द्वारा नामित मजिस्ट्रेट श्रीमति चन्द्रकांता की मौजूदगी में नगर पंचायत कार्यालय में साप्ताहिक पैंठ बाजार की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सबसे अधिक बोली 1 करोड़ सात लाख 50 हजार लगाने पर यह ठेका हाजी आफताब आलम के नाम छूटा जबकि उनसे कम बोली एक करोड़ सात लाख 40 हजार की मेराज अली की रही। पिछले साल यह ठेका एक करोड़ 80 हजार रूपये में आफताब के नाम ही छूटा था। इस मौके पर चेयरमैन हाजी जुबैर अहमद, अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सिंह सेंगर, कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, सभासद भूरा, मुगीश, रफीक, वाजिद, युनुस, इरशाद परवीन, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# टीबी दिवस पर जुबिलेंट में क्रिकेट मैच



**दर्शन संवाददाता, गजरौला**। विश्व टीबी दिवस पर जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में चार दिवसीय क्रिकेट मैच शुरू हो गया। पहले दिन उमंग डेयरी और निर्मल फाइवर की टीमें भिड़ीं। मंगलवार की शाम जुबिलेंट की फर्स्ट कालोनी में क्रिकेट मैच का शुभारंभ जुबिलेंट के साइट हेड विनोद झा ने टॉस उछालकर किया। निर्मल के कप्तान शुभम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण चुना। उमंग की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में नौ विकेट गंवाकर 113 रन बनाए। एंपायरिंग विष्णु राणा एवं संजीव वर्मा ने जबकि स्कोरर प्रमोद प्रजापति, महेंद्र मौर्य, मंदीप और ब्रजेश यादव रहे। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनंसपर्क सुनील दीक्षित, डॉ.सुजिंदर फोगाट, पराग गोयल, विशाल गौरव, डॉ.नितिन राय, प्रताप महापात्रा, देवेंद्र पंवार, एन.प्रियदर्शन, सुमित गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

# किसानों को आगे बढ़ा रही है केन्द्र व प्रदेश सरकार

**दर्शन संवाददाता**

**गजरौला**। कृषि विभाग अमरोहा द्वारा आयोजित दो दिवसीय ग्राम स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगलिया मेव में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अर्न्तगत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ने किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किए जा रहे सरकार के प्रयासों से किसानों को रूबरू कराया। कार्यक्रम में केवीए के वैज्ञानिक डॉ.अमित तोमर ने जैविक खेती के बारे में, डॉ.सतपाल सिंह ने फसलों में कीट एवं बीमारी से बचाने के लिए, जबकि डॉ.रविन्द्रपाल सिंह ने फसलों की बुवाई समय से कराने के बारे में किसानों को जागरूक किया। चन्द्रशेखर ने पीएम किसान सम्मान निधि के बारे में बताया। संचालन सहायक विकास कृषि रक्षा पायल सक्सैना ने किया जबकि सवेन्द्र कुमार, विकास सिंह, अंग्रीश कुमार, बिजेन्द्र सिंह, पंकज कुमार आदि कर्मचारियों सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान योगेश कुमार, बीडीसी सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

### ■ कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख ने किया संबोधित



# ट्रांसफार्मर से उपकरण किये चोरी

**दर्शन संवाददाता हसनपुर**। सड़क किनारे रखे ट्रांसफार्मर के उपकरणों को चोरी कर लिया। पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। सोमवार की रात अतरासी मार्ग पर मंडी समिति के नजदीक रखें एक ट्रांसफार्मर से चोरों ने उसके भीतर के उपकरणों को खोलकर चोरी कर लिया। सुबह होने पर जब लोगों की नजर ट्रांसफॉर्मर पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। नजदीक में लगे सीसीटीवी कैमरो में चोर वारदात को अंजाम देते हुए कैद हो गये। पुलिस को अवर अभियंता अजय कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरो की फुटेज से चोरों को पहचानने की कोशिश कर रही है।

